| **Publication:** Amar Ujala | **Page no**: 05 |
|---|---|
| **Edition**: Print | **Date:** 17.09.22 |


# हकदर्शक एम्पावरमेंट सोल्यूशंस के अनिकेत दोगर ने प्रतिष्ठित 13वां सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर (एसईओवाई) अवार्ड- इंडिया 2022 जीता

**नोएडा।** श्वाब फाउंडेशन पर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप, वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम की सिस्टर संस्था और जुबिलेंट भारतिया ग्रुप के जुबिलेंट भारतिया फाउंडेशन ने आज हकदर्शक एम्पावरमेंट सोल्यूशंस के अनिकेत दोगर को प्रतिष्ठित ह्यसोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवॉर्ड - इंडिया 2022ह्व प्रदान किया। इस पुरस्कार को केंद्रीय सूचना और प्रसारण, युवा मामलों और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने एक भव्य समारोह में विजेता को प्रदान किया। इस अवसर पर कई नामचीन हस्तियां उपस्थित थीं। केंद्रीय सूचना और प्रसारण, युवा मामलों और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने विजेता और फाइनलिस्?ट को बधाई दी। उन्होंने सामाजिक उद्यमियों के काम की सराहना करते हुए कहा, ह्नअनिश्चितताओं से भरी इस दुनिया में भौगोलिक और राजनीतिक उथल-पुथल के बीच राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में सामाजिक उद्यमियों का योगदान बहुत ही महत्?वपूर्ण हो गया है। यह जानना बहुत जरूरी है कि पर्यावरण, सस्?टेनेबिलिटी और गवर्नेंस में निवेश ना सिर्फ हमारे 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्?यवस्?था बनने के साझा लक्ष्?य को पूरा करने बल्कि 2030 तक स्?थायी विकास लक्ष्?यों को और 2070 तक शुद्ध जीरो उत्?सर्जन को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। सामाजिक उद्यमी अपने नए-नए विचारों को अमल में ला सकते हैं, एक टीम बना सकते हैं, लाभार्थियों और हितधारकों को एक साथ एकत्रित कर सकते हैं, जरूरी फंड जुटा सकते हैं। इसके साथ ही वे सामाजिक संस्थाओं से पूरे जोश और जुनून के साथ महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों के हल के लिए प्रयास करने को प्रेरित कर सकते हैं। चाहे वह गरीबी कम करने की कोशिश करना हो, बच्चों की पढ़ाई हो, महिलाओं सशक्तिकरण हो, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव में कटौती करना या फिर स्वास्थ्य रक्षा के क्षेत्र में प्रयास करना हो।